मनमानी | आपरेटर की मनमानी से मदनपुर के नागरिकों में रोष

विद्युत अव्यवस्था से उपभोक्ता परेशान

नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में विद्युत अव्यवस्था से लगभग हर उपभोक्ता परेशान बना हुआ है। वहीं ग्राम पंचायत मदनपुर में सब स्टेशन में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान बनें हुए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि यहां सब स्टेशन में पदस्थ आपरेटर कमरे का दरवाजा बंद कर स्वयं का कूलर चालू कर रात भर सोता रहता है। और पूरा गांव अंधेरे में उमस भरी गर्मी से परेशान बनें रहते हैं। उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। शिकायतों के बावजूद भी विभाग के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मदनपुर निवासी राकेश अग्रवाल ने भारी बिजली कटौती पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी खराब बिजली कभी नहीं रही। लोग रातों को सो नहीं पा रहे हैं। इनवर्टर और चार्जिंग लाइट आदि जवाब दे रही है। मच्छरों के दंश से जीना हराम हो चुका है। बिजली कटौती से रात भर अंधेरा छाया रहता है। नींद पूरी ना होने से लोगों की तबीयत खराब हो रही है। बिजली के आने-जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। अधिकारी कहते हैं कि शेड्यूल के अनुसार दी जा रही है शेड्यूल क्या है कब आ रही है जा रही है। आम आदमी के समझ के बाहर है।

विद्युत संबंधित हो रही समस्याओं से किसान संघ ने कार्यपालन अभियंता के साथ की बैठक

गोटेगांव। विगतदिवस किसान संघ एवं कार्यपालन अभियंता नरसिंहपुर विवेक जसेले के साथ विद्युत संबंधित आ रही शिकायतों के संबंध में बैठक का आयोजन कार्यपालन अभियंता के कक्ष में किया गया जिसमें किसान संघ के अध्यक्ष अनिरुद्ध लोधी एवं किसान बहुतायत में उपस्थित हुए किसान संघ द्वारा विद्युत संबंधित विभिन्न समस्याओं को एक-एक कर शिकायतों से जसेले को अवगत कराया गया। वही जसेले द्वारा शिकायतों के निराकरण का आश्वासन देते हुए कुछ शिकायतें तत्काल प्रभाव समाप्त करते हुए किसान संघ को विश्वास दिलाया कि विद्युत विभाग किसान संघ के साथ हमेशा बना हुआ है, इसको लेकर के किसान संघ के अध्यक्ष अनिरुद्ध लोधी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं जसेले के व्यवहार की भौतिक रूप से सराहना की गई वही उपस्थित। किसान संघ के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के दौरान विद्युत व्यवस्था नरसिंहपुर संभाग के अंतर्गत जसेले एवं अन्य कनिष्ठ अभियंताओं ने बहुत अच्छे से उपलब्ध कराई जिस की नरसिंहपुर डिवीजन में मूंग का रिकॉर्ड उत्पादन गढ़ वर्ष के सापेक्ष हुआ है इसके साथ-साथ किसान संघ के साथ आए हुए जनप्रतिनिधि संघ ने भी कार्यपालन अभियंता द्वारा किए गए कार्यों को लेकर के सराहना व्यक्त की साथ ही संभाग अंतर्गत सुचारू विद्युत प्रदायक करने हेतु कार्यपालन अभियंता का धन्यवाद ज्ञापित किया, इस दौरान कार्यपालन अभियंता द्वारा स्पष्ट रूप से आश्वासन दिया गया कि विद्युत विभाग का प्रथम एवं मूल दायित्व सामान्य विद्युत उपभोक्ताओं तक सुचारू विद्युत आपूर्ति बनाए रखना है जिसको लेकर के विभाग तत्पर है जसेले द्वारा यह भी अवगत कराया गया।

विद्यालय में मनाया रक्षाबंधन पर्व

तेंदूखेड़ा। भाई बहन के पवित्र प्रेम का पर्व रक्षाबंधन पर्व शासकीय विद्यालय डोभी में कक्षा 1 से 12 तक के छात्राओं के द्वारा मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी छात्राओं द्वारा सहपाठी छात्रों को रोली तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन का यह पावन पर्व हमारी सनातन संस्कृति का यह अभिन्न अंग है। पूर्व में सभी गुरुकुल विद्यालयों में पूर्व से ही मनाया जाता रहा है । रक्षाबंधन के दिन बहन अपनी भाई के मस्तिष्क पर कुमकुम का तिलक लगाकर भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और भाई अपनी बहन को उपहार स्वरूप कुछ भेंट प्रदान करते हुए अपनी बहन की आजीवन सुरक्षा और रक्षा का वचन लेते हैं वास्तव में यह पर्व हम सभी के जीवन में हर्षोल्लास और खुशी लेकर आता है इस त्यौहार का इंतजार हम साल भर करते हैं । इस मौके पर शिक्षक राजेश शर्मा गोठल सिंह पटेल दीनदयाल प्रजापति आभा वै सुनीता शर्मा सरिता वर्मा पुष्पलता पटेल आदि के द्वारा भी बच्चों को रक्षा बंधन के पावन पर्व पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बच्चों को इस पवित्र रिश्ते को बनाए।

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्रों में रक्षाबंधन कार्यक्रम

तेंदूखेड़ा। रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या सेवा केंद्रों पर रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास व आध्यात्मिक तरीके से मनाया गया।इस मौके पर प्रीति दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन एक मात्र ऐसा त्यौहार है जिसमें हर भाई बन्धना चाहता है और रक्षा का वचन देता है। लेकिन वास्तविकता में देखा जाये तो जब तक बहन की शादी नही होती तब तक उसकी रक्षा की जिम्मेदारी पिता की होती और शादी के बाद पति की होती। पर यादगार भाई का है। क्योकि संसार मे भाई बहन का रिश्ता सबसे पवित्र माना जाता है। रक्षाबंधन विष तोड़क पर्व भी प्राचीन काल में रक्षाबंधन को विष तोड़क पर्व के रूप में भी जाना जाता था ।जिसका अर्थ है बुराइयां तोड़ने वाला त्यौहार यह हमें अपने भीतर की बुराइयों को त्यागने और सकारात्मकता को अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है। रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों को राखी बांधती हैं जो पवित्रता और सुरक्षा का प्रतीक है। यह त्यौहार हमें अपने विचारों शब्दों और कर्मों को शुद्ध करने और पवित्रता का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है। जिसकी शुरुआत इंद्र और इंद्राणी से हुई थी। जब इंद्र अपना राज्य हार गए थे कहते तब इंद्राणी ने इंद्र को रक्षा सूत्र अर्थात राखी बांधी थी। जिसके बल से इंद्र फिर से विजयी बने थे। यह त्यौहार हमें परमात्मा के प्रेम और सुरक्षा का अनुभव करने और उनके साथ अपने संबंध को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। समूचा विश्व ही असुरक्षित है सैकड़ो विकारों बुराईयों व्यसनों और बीमारियों ने मानव को जक रखा है। ऐसे तमोप्रधान माहौल में स्वयं अर्थात अपनी आत्मा की बुराइयों से रक्षा करना बहुत मुश्किल है। इसलिए अगर हम परमात्मा के साथ मन बुद्धि से रहने के बन्धन में स्वयं बांधते है तो निश्चित ही परमात्मा हमारी हर प्रकार की बुराईयों से रक्षा करते है। सभी का मुख मीठा करवाया परमात्मा ब्लेसिंग कार्ड दिये दीदी ने सभी को तिलक लगा कर राखी बांधी। जिसमें बड़ी संख्या में भाई बहने उपस्थित रहे।

बीएसएल स्कूल में कराते जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

करेली। बीएसएस पब्लिक स्कूल करेली में कराते प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूल के छात्रों ने भाग लिया जिसमें अलग-अलग आयु और वेट कैटेगरी में मुकाबला हुआ। छात्रों ने अपनी कला ,अनुशासन और अपने खेल से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के चयनित छात्र छात्राएं अंडर -14 बालक राम कोस्टा ,संकल्प राजपूत, हीरालाल पाली ,पियूष चौधरी,अवनीश श्रीवास ,मोहम्मद फराज श बी एस एस पब्लिक स्कूल करेली अंडर -14 बालिका दिव्यांशी रजक ,परिणीति रजक सेंट मैरी कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर ,रिद्धिमा पटेल , वैष्णवी रजक श्री नरसिंह पब्लिक स्कूल नरसिंहपुर अंडर - 17 बालक श्रेष्ठ श्रीवास्तव चाणक्य विद्यापीठ स्कूल, मंगलम लोधी श्री नरसिंह पब्लिक स्कूल नरसिंहपुर अंदर -17 बालिका,सेजल कौरव, आर्या गुप्ता, अंशिका गुप्ता बीएसएस पब्लिक स्कूल करेली रही।

हिन्दु मंदिरों को प्रशासन से मुक्त कराने किया संपर्क

गोटेगांव। विगतदिवस विश्व हिंदू परिषद् द्वारा विशेष संपर्क विभाग के अंतर्गत महाकौशल प्रांत में तीन दिवसीय विधायक संपर्क अभियान चला कर क्षेत्र के विधायक मंत्रियों को हिंदू मंदिरों को प्रशासन से मुक्त करने के लिए संपर्क किया जिसे लेकर महाकौशल प्रांत के क्षेत्रीय व प्रांतीय अधिकारियों द्वारा यह जिम्मेदारी निवासी गोटेगांव विश्व हिंदू परिषद के सबसे सक्रिय युवा सागर विभाग संगठन मंत्री अनुज परिहार को मिली है, उन्होंने इस विशेष अभियान पर जोर डालते हुए विस्तृत चर्चा कर बताया कि इसका उद्देश्य हमारे हिंदू मंदिरों के बड़े-बड़े ट्रस्टों का पैसा हिंदुओं के कार्य में ही लगे और हिंदू मंदिरों का पैसा शासन से मुक्त होकर हिंदुओं के पास रहे ऐसा एक राज्य धार्मिक परिषद का गठन होगा! जिसमें माननीय मुख्यमंत्री, धार्मिक नेता, वरिष्ठ जज, बुद्धिजीवी ,मंदिर के प्रमुख पुजारी, ऐसे कुछ प्रमुख लोग उसमें अध्यक्ष उपाध्यक्ष,सदस्य रहेंगे, उसके नीचे जिला में धार्मिक राज्य परिषद बनेगा! उसके लिए विश्व हिंदू परिषद के केंद्र की योजना देश भर में यह अभियान चला रहा है, जिसमें हमने अपने अन्य साथियों के साथ सुरखी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गोविंदसिंह राजपूत खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री संरक्षण विभाग विधायक पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार वन एवं पर्यावरण मंत्री विधायक चंदला शैलेंद्र जैन सागर पूर्व मंत्री भूपेंद्रसिंह खुरई विधायक प्रदीप लहरिया नरयावली बृज बिहारी पटेरिया देवी विधायक श्रीमती ललिता यादव छतरपुर पूर्व राज्यमंत्री अरविंद पटेरीया विधायक राजनगर अमित जैन निवाड़ी श्रीमती रामसिया भारती बड़ामलेहरा राजेश शुक्ल बिजावर विधायक नितेंद्र राठौर पृथ्वीपुर विधायक एवं गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश सहित अन्य विधायक एवं मंत्रियों से संपर्क किया और इस अभियान के विषय में चर्चा की साथ ही इन सभी विधायक एवं मंत्रियों से मुलाकात के दौरान इन सभी का समर्थन मिला, साथ ही धर्मांतरण, लवजिहाद लैंडजिहाद, नसे को खत्म करने जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जिसे लेकर पूरे देश भर में विशेष संपर्क किया जा रहा हैं। संगठन द्वारा निर्धारित सभी विषयों को विधानसभा में बात रखने हेतु आग्रह किया।

महिला मंडल चातुर्मास में शामिल

करेली। विगत दिवस 7 अगस्त को सर्व ब्राम्हण महिला समाज सभा की अध्यक्ष भारती पालीवाल के नेतृत्व में विप्र महिलाओं ने परमहंसी गंगा आश्रम झौतेश्वर में जगतगुरू द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी सरस्वती महाराज के चल रहे चातुर्मास व्रत अनुष्ठान में सम्मलित हुई। यात्रा की सर्वप्रथम सभी विप्र महिलाओं ने त्रिपुर सुन्दरी माँ राजराजेश्वरी एवं जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी की समाधी स्थल के दर्शन कर शंकराचार्य सदानंद महाराज के सत्संग का लाभ लेते हुये पादुका पूजन कर अपना अपना परिचय देकर महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं समस्त विप्र महिलाओं ने परमहंसी झौतेश्वर स्थित अन्य धार्मिक तीर्थ स्थलों का भी लाभ लिया। आयोजन में अधिक संख्या में विप्र मातृशक्ति सम्मलित हुई।

एक नजर में

हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस पर धोखाधड़ी का आरोप

गाडरवारा। स्थानीय निवासी सुनील कतिया ने हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस और उससे जुड़े दलालों पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है डॉक्टर कतिया के अनुसार उन्हें गाडरवारा के निरंजन वार्ड में लगभग 1000 वर्ग फुट के दो मंजिला मकान को 1650000 लाख रुपए में दिलवाने का सौदा हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस ने करवाया था यह सौदा अजय भाटिया व्यक्ति द्वारा करवाया गया था जिन्होंने खुद को कंपनी से जुड़ा हुआ बताया था किस्तों में लिए गए लाखों रुपए पीड़ित के अनुसार अजय भाटिया ने विश्वास में लेकर उनसे अलग-अलग माध्यमों से राशि एकत्रित की 150000 (डीडी क्रमांक 0255 दिनांक 25/ 6/ 2025) 5000 (खाते में दिनांक 27 /06/ 2025) 25000 (खाते में दिनांक 27 /6/ 2025) एवं 1320000 (हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से दिनांक 27.6.2025) 117000 नगद व 18000 (अजय भाटिया के रिश्तेदार निकिता कौर के खाते में अजय भाटिया द्वारा दिया गया दिनांक 2/7/ 2025) 15000 रजिस्ट्री होने के बाद देने को कहा गया और कहा गया 14 दिन बाद आपकी रजिस्ट्री हो जाएगी डॉ सुनील कतिया का आरोप है कि आज तक ना तो उनके नाम पर मकान की रजिस्ट्री हुई है और ना ही उन्हें घर में रहने दिया गया जब भी बात करते हैं तो बहाने बाजी कर मामले को टाल दिया जाता है डॉ सुनील ने आरोप लगाते हुए बताया इस मामले में यह सारे लोग शामिल है और बताया कि मुख्य आरोपी ,शिवेंद्र मिश्रा, अजय चौकोटिया इन सभी लोगों ने मिलकर मकान और रजिस्ट्री का झांसा देकर लाखों रुपए ठगे पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस से मांग की मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए साथ ही उन्होंने बताया कि समय रहते यदि न्याय नहीं मिला तो वे कानूनी कार्रवाई और सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

खुद पर केरोसीन उडेलने वाले समेत 5 पर प्रकरण दर्ज

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर बुधवार को हंगामा करते हुए पुलिस के साथ धक्कामुक्की, बल प्रयोग के साथ शासकीय कार्य में बाधा डालते खुद पर केरोसीन उडेलने वाले युवक समेत पांच प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सिविल लाईन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सिविल लाइन थाने में पदस्थ सउनि इंदल सिहं मरावी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार दोपहर एक बजे सूचना मिली कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कुछ व्यक्ति हंगामा कर रहे है एवं एक व्यक्ति स्प्राइट की बटल में केरोसीन लाकर अपने ऊपर डीजल डाल लिया है, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी समेत आरक्षक सुनील पारधी, प्रदीप गुप्ता, दीपक यादव, प्रधान आरक्षक सदन दीक्षित मौके पर रवाना हुए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा जो शरण चौधरी के साथ मुन्ना चौधरी, गोपाल चौधरी, कृष्ण चौधरी, भोला चौधरी निवासीगण घुन्सौर और कुछ महिलाये हंगामा करते हुए नारेबाजी करने लगी जिससे कर्मचारी व आमजन परेशान होने लगे थे तभी एक व्यक्ति ने खुद के ऊपर डीजल डाल लिया था। प्रदर्शनकारियों ने शासकीय कार्य में व्यवधान पैदा किया गया। पुलिस स्टाफ द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो भोला चौधरी द्वारा धक्का मुक्की कर बल प्रयोग किया गया। पुलिस ने मामले में शरण चौधरी, मुन्ना चौधरी, गोपाल चौधरी, कृष्णा चौधरी, भोला चौधरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया हैं।

बेटियां लक्ष्मी का स्वरूप होती है : मिश्रा

गाडरवारा। नगरपालिका अध्यक्ष पं शिवाकांत मिश्रा ने स्थानीय पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित नि:शुल्क साइकिल वितरण समारोह में शिक्षा विभाग की योजना के तहत साइकिलों का वितरण करने के दौरान बोले की आज मुझे बडी खुशी हो रही है कि रक्षा बंधन पर्व के पहले मेरे नगर की लक्ष्मी स्वरूपा बेटियों को साईकिले प्रदान करने का अवसर मिला है। क्योकि बेटी लक्ष्मी का स्वरूप होने के साथ अपने घर व नगर की शान तथा सम्मान होती है। इस दौरान मिश्रा द्वारा बेटियों के बीच बैठकर उनसे पढ़ाई संबंधित चर्चा करते हुये कहा कि अब वह स्कूल साईकिलों से आना जाना करेगी। इस दौरान यदि उन्हें नगर में कही किसी परेशानी हो रही हो तो वह सीधे मुझसे मेरे फोन पर संपर्क कर सकती है। उनकी मदद के लिये उनका भाई तत्पर मौजूद रहेगा। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कहा कि हमें विश्वास है।

गडरिया महासभा की बैठक

तेंदूखेड़ा। विगत दिनों तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय गडरिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल के साथ समाज के विधानसभा अध्यक्ष महेश पाली प्रदेश संगठन महामंत्री राजू पाली की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गाडरवारा एवं तेंदूखेड़ा विधानसभा की कार्यकारिणी गठित की गई ।साथ ही महिला मोर्चा तेंदूखेड़ा विधानसभा नगर समिति एवं ग्राम समिति अध्यक्ष भी बनाए गए । सभी नए निर्वाचक साथियों को शपथ दिलाई गई इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गणेश पहलवान सहितअखिल भारतीय गडरिया महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे ।अनेक वक्ताओं ने संबोधित करते हुए नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता कुरितियों को मिटाने युवाओं को सुशिक्षित किये जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। महासभा के नरसिंगपुर जिला अध्यक्ष सुंदर लाल पाल ने आध्यात्म के मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाल एवं संगठन महामंत्री राजू पाली ने गडरिया महासभा के मूल सिद्धांत विचारधाराओं को आत्मसात करने पर बल दिया ।कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश पाली ने किया । वहीं समाज के माखन पाली हेमराज पाली कुंवर पाली गुलाब पाली सहित सभी स्वजातीय बंधुओं का विशेष सहयोग रहा।

सेवानिवृत शिक्षक भगवानदास साहू का सम्मान

गोटेगांव। विगतदिवस कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त तेलघानी बोर्ड मध्य शासन के अध्यक्ष रविकिरण साहू ने साहू समाज उत्थान मंडल के संयोजक साहू समाज के अध्यक्ष तथा पेंशनर समाज गोटेगांव के तहसील अध्यक्ष का दायित्व निभाने वाले भगवानदास साहू सेवानिवृत शिक्षक को गोटेगांव विधानसभा 118 का विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया था, जिसे लेकर साहू समाज सहित नगर के विभिन्न राजनीतिक समाजसेवी संगठनों में हर्ष व्याप्त हैं इसी श्रृंखला में श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर स्थित स्क्न्न कार्यालय में साहू की विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनयन होने पर मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदारसिंह पटेल एवं मोनू भैया मित्र मंडली द्वारा भव्य स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थितजनों ने साहू को मीठा खीलाकर फूलमाला पहनाकर शाल श्रीफल से तिलक रोरी लगाकर सम्मान किया। वहीं विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनयन होने पर भगवानदास साहू ने मध्य प्रदेश शासन के अध्यक्ष रविकिरण साहू का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहाकि जो विश्वास मुझ पर करके इतना बड़ा दायित्व सौपा है, उस का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आपके विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास करते हुए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि आपकी आवाज को कभी दबने नहीं दूंगा एवं आप सभी के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित और संघर्षरत रहकर संगठन के हक की लड़ाई लड़ना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। वहीं इस दौरान अर्जुनसिंह पटेल मालगुजार को भी उनके जन्मदिन पर इंजीनियर सरदारसिंह पटेल सहित उपस्थित सभीजनों ने उन्हें भी शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ! इस अवसर पर दीपक सोनी राजू राजपूत मोनू शर्मा योगेंद्र पटेल भोला साहू गुलाब साहू घनश्याम साहब संगीत साहू ओम प्रकाश साहू शिव शंकर साहू पवन साहू तुलसी गोस्वामी अमन नामदेव पत्रकार आशीष साहू सहित मणिनागेंद्र फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्य व मोनू भैया मित्र मंडली के साथ-साथ अन्य सभी शुभचिंतक उपस्थित थे !

केंद्रों के चक्कर काट रहे किसान, नहीं मिल रही खाद

सप्ताह पहले कराया टोकन बुक, अब तक नहीं आया नंबर

जबलपुर। जिले के हजारों किसान इन दिनों खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। सरकारी पोर्टल पर टोकन बुकिंग के बावजूद समय पर खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हैं।

स्थिति यह है कि टोकन बुक किए लगभग सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक खाद केंद्र से कॉल या मैसेज नहीं आया। शहपुरा क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि उन्होंने एक सप्ताह पहले टोकन बुक कराया था, परंतु आज दिनांक तक ना उनके पास मैसेज आया है ना ही फोन आया है। वहीं जब शहपुरा डबल लॉक वितरण केंद्र में जाते हैं तो लिस्ट में नाम भी अभी तक नहीं आया है, उससे वह काफी परेशान है और खाद भी नहीं मिल रही है।

फसल बोवनी का बिगड़ रहा शेड्यूल

किसानों से मिली जानकारी के अनुसार खेत में बोवनी का समय निकल रहा है, लेकिन खाद नहीं मिलने से पूरा शेड्यूल बिगड़ गया है। इसी तरह पाटन, कटंगी और बेलखेड़ा आदि जगह के किसान भी केंद्रों में हो रही अव्यवस्था पर भी सवाल उठा रहे हैं।

सिर्फ बड़े किसानों को मिल रही प्राथमिकता

किसानों ने आरोप लगाया है कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं है। जिनके पास जान-पहचान या रसूख है, उन्हें प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि छोटे व सीमांत किसान लाइन में खड़े-खड़े लौट जा रहे हैं।

टोकन नंबर से ही मिलेगी खाद

खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की समस्या पर सवाल किया गया तो खाद वितरण केंद्रों के संचालकों का कहना है कि खाद का स्टॉक तो पर्याप्त है, लेकिन उन्हें पोर्टल से जारी टोकन नंबर के अनुसार ही खाद वितरित करनी होती है। जिसका नंबर आएगा और लिस्ट में नाम रहेगा उनको खाद वितरित हो रही है।

इनका कहना है

मैंने 31 जुलाई को 0761- 181 पर मोबाइल से यूरिया के लिए टोकन बुक किया था। खेत में बोवनी शुरू करनी थी, लेकिन अब तक खाद नहीं मिला। हर तीसरे दिन केंद्र जा रहा हूँ, मगर नंबर नहीं आ रहा। 6 अगरस को खाद आया भी, लेकिन तब मेरा टोकन एक्टिव नहीं था।

प्रवीण पटेल, किसान (ग्राम गडर पिपरिया)

27 तारीख तक की लिस्ट भेज दी गई है, जिनके टोकन बुक हैं, जल्द ही उनका नंबर भी आ जाएगा। सभी किसानों को टोकन कटवा कर ही खाद मिलेगी।

डॉ एस के निगम
कृषि उपसंचालक

कार्मेल विद्यालय में रक्षाबंधन पर्व मनाया

करेली। नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय करेली में भाई - बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर राखी बाँधी एवं सभी भाइयों ने अपनी - अपनी बहनों को उनकी रक्षा का वचन दिया और उनके चरण स्पर्श किए। इस अवसर पर कक्षा तीसरी के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। उप प्राचार्या सिस्टर बीना ने सभी छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन के पावन पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित करके भाई-बहन के पवित्र प्रेम और उनके बीच अटूट रिश्ते का जिक्र किया एवं रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय में कहानी वाचन, नुक्कड़ नाटक, माइम आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया एवं अपनी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था प्रबंधक फादर जॉनसन,प्राचार्य फादर केल्विन, एडमिनिस्ट्रेटर फादर पॉल ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन के पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित की।